# वित्तीय समावेशन के लिए आरबीआई ने विशेष अभियान की शुरुआत की

- **अरबीआई के उप गवर्नर एम. राजेश्वर राव रांची पहुंचे**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भारतीय रिजर्व बैंक, रांची क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा वित्तीय समावेशन योजनाओं की पहुंच को ग्राम पंचायत स्तर तक सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को ओरमांझी पंचायत में विशेष संतृप्ति अभियान का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय रिजर्व बैंक के उप गवर्नर एम. राजेश्वर राव के साथ आरबीआई रांची के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह, आरबीआई ओम्बड्समैन मनोज रंजन शामिल हुए। यह कार्यक्रम तीन माह के वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत आयोजित किया गया, जिसमें बैंक ऑफ इंडिया बागबेड़ा, पूर्वी सिंहभूम सहित राज्य के विभिन्न जिलों के कई प्रखंडों की ग्राम पंचायतों में भी समानांतर रूप से बैंक शिविर लगाए गए। इन शिविरों में ग्रामीणों के लिए विभिन्न वित्तीय सेवाओं की सुविधा प्रदान की गई।

**कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियां :** आरबीआई द्वारा आयोजित कार्यक्रम के तहत नए जन धन खातों का खुलवाना। बंद खातों में केवाईसी (केवाईसी) अपडेट करना। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना। अटल पेंशन योजना में नामांकन। बैंकिंग सेवाओं के प्रति जागरूकता एवं ग्राहकों का अन्य वित्तीय उत्पादों की ओर प्रोत्साहित करना था। ज्ञात हो कि इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं की पहुंच बढ़ाकर वित्तीय समावेशन को सशक्त करना है, जिससे देश की आर्थिक मुख्यधारा में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके था। कार्यक्रम के दौरान आरबीआई के उप गवर्नर एम राजेश्वर राव ने जनता से संवाद भी किया और ग्रामीण बैंकिंग सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेशन केवल एक सेवा नहीं बल्कि आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर बैंकिंग सेवाओं की पहुंच को बढ़ावा देने और हर घर तक वित्तीय सुरक्षा पहुंचाने की दिशा में एक मजबूत शुरूआत की गई है। इस मौके पर भारतीय रिजर्व बैंक, रांची के क्षेत्रीय निदेशक ने आह्वान किया कि विषय की महत्ता को देखते हुए विभिन्न बैंकों के उच्चाधिकारियों से अपेक्षित है कि वे भी इन शिविरों से जुड़ें। ताकि सभी बैंककर्मी व बीसी इस पुनीत कार्य हेतु और प्रवृत्त, प्रेरित और प्रोत्साहित हों। शिविर का प्रतिसाद बहुत ही उत्साहजनक रहा एवं सभी उपस्थित प्रतिभागियों ने शिविर के आयोजन को बहुत सराहा।

**कार्यक्रम में इन बैंकों ने भाग लिया :** इस ग्राम पंचायत शिविर के लिए नोडल शाखा- बैंक ऑफ इंडिया, ओरमांझी शाखा के अधिकारियों के साथ-साथ उस क्षेत्र में कार्यरत कई अन्य बैंकों यथा, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, केनरा बैंक और आईसीआईसीआई बैंक ने इस शिविर में भाग लिया।